हिन्दी पखवाड़ा/हिन्दी दिवस समारोह वर्ष - 2013

काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बैंगलोर में दिनांक 14 सितम्बर से 28 सितम्बर, 2013 तक डॉ. वी. रमाकान्त, भा.व.से., निदेशक, आई.डब्ल्यू.एस.टी., बैंगलोर की अध्यक्षता में हिन्दी पखवाड़ा समारोह मनाया गया । पखवाडे के दौरान प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । समूह । जिनकी अर्हता हिन्दी प्रवीण तक है उनके लिए शब्दावली, टिप्पणी/आलेखन एवं पठण प्रतियोगिता रखी गई। समूह ।। जिनकी अर्हता हिन्दी प्राज्ञ तक है/जिन्होने स्नातक स्तर तक हिन्दी एक विषय लेकर पढ़ाई की है या जिन्होने स्नातकोत्तर तक हिन्दी भाषा में पढ़ाई की है उनके लिए अनुवाद - अंग्रेजी से हिन्दी, दृश्यों का शब्दों में विवरण एवं आशुभाषण का आयोजन किया गया । समूह ।।। सामान्य वर्ग जिसमें जे.आर.एफ., एस.आर.एफ., टी.ए., परियोजना सहायक, क्षेत्र सहायक आदि सम्मिलत थे, के लिए हिन्दी गीत गायन एवं हिन्दी भाषण का आयोजन किया गया ।

हिन्दी दिवस समारोह दिनांक 27 सितंबर, 2013 को आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में श्री के. एस. रेड्डी, भा.व.से., अपर प्रधान मुख्य वन-संरक्षक, क्षेत्रीय निदेशक, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, बैंगलोर सादर आमंत्रित थे ।

डॉ. गीता जोशी वैज्ञानिक-ई एवं हिन्दी अधिकारी ने वर्ष 2012-13 के दौरान संस्थान में हुई हिन्दी गतिविधियों की रिपोर्ट समारोह में प्रस्तुत की तथा हिन्दी पखवाडे के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में पुरस्कार पानेवाले पदिधिकारियों के नाम घोषित किये ।

डॉ. गीता जोशी वैज्ञानिक-ई एवं हिन्दी अधिकारी द्वारा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुतीकरण

मुख्य अथिति द्वारा पुरस्कार प्रदान

हिन्दी दिवस समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।

संस्थान के निदेशक महोदय डॉ. वी.रमाकान्त, भा.व.से. ने अपना अध्यक्षीय भाषण दिया । अपने अध्यक्षीय भाषण में निदेशक महोदय ने संस्थान के शासकीय काम-काज में हिन्दी का प्रयोग अधिकाधिक बढाने के लिए सभी पदाधिकारियों से आग्रह किया तथा प्रतियोगिताओं में पुरस्कार विजेताओं तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेनेवाले पदाधिकारियों को बधाई दी ।

डॉ. वी.रमाकान्त, भा.व.से. निदेशक द्वारा अध्यक्षीय भाषण

हिन्दी दिवस समारोह में सादर आमंत्रित मुख्य अतिथि महोदय ने संस्थान द्वारा संस्थान के शासकीय काम-काज में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को बढाने की दिशा में किये जा रहे प्रयासों की सरहाना की एवं इन प्रयासों को भविष्य में यथास्थिति जारी रखने के लिए सुझाव दिया । मुख्य अतिथि महोदय के करकमलों से विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया । अंत में मुख्य अथिति महोदय ने प्रतियोगिताओं में पुरस्कार विजेताओं तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिए गये पदाधिकारियों को बधाई दी ।

मुख्य अतिथि के रुप में श्री के. एस. रेड्डी, भा.व.से., अपर प्रधान मुख्य वन-संरक्षक, क्षेत्रीय निदेशक, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, बैंगलोर

समारोह का समापन हिन्दी अधिकारी द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव से हुआ । जिसमें समारोह को सफल बनाने के लिए सभी का प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रुप से सक्रिय सहयोग देने के लिए आभार प्रकट किया एवं सभी का धन्यवाद किया ।